तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 16 सितम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 आंगनबाड़ी केन्द्रों के रख-रखाव पर दें ध्यान


बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## नाबालिग बच्चियों को लेकर चर्च जा रही थी महिला, लोगों ने किया खुलासा

# सरगुजा में भोले भाले आदिवासियों के धर्मांतरण का चल रहा खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में इन दिनों भोले भाले आदिवासी ग्रामीणों के धर्मांतरण का खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है। अब स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि नाबालिग बच्चियों का माइंड वाश कर, पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन करने के लिए उकसाया जा रहा है। इस बात का खुलासा होने के बाद अब हड़कंप हो गया है। धर्मांतरण के मामले को विधायक सीतापुर ने गंभीरता से लिया है और जांच एवं कार्रवाई की बात कही है। वही धर्म रक्षा समिति ने भी मोर्चा खोल दिया है और समिति की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

**खास बात**
- दर्ज हुआ एफआईआर, विधायक ने दिए कार्रवाई के निर्देश

दरअसल मैनपाट के सरभंजा में रहने वाली आरती मांझी आ. संतराम मांझी केसरा, सरभंजा गांव की चार से पांच नाबालिग बच्चियों को लेकर चर्च की ओर जा रही थी। इस बात की जानकारी जब धर्म रक्षा समिति के दिलवर यादव को हुई तो वे पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रोककर महिला व नाबालिग बच्चियों से पूछताछ की। इस दौरान यह बात सामने आई कि महिला बच्चियों को लेकर बरिमा के पथरई स्थित चर्च लेकर जा रही थी। चर्च में बच्चियों का बत्तिसमां रखा गया था। बड़ी बात यह है कि बच्चियों को महिला बिना परिजन की जानकारी के लेकर घर से निकली थी। दिलवर यादव सहित अन्य लोगों ने महिला आरती मांझी से पूछताछ की तो उसने बच्चियों को उनके माता-पिता की अनुमति के बिना व बिना बताए घर से चर्च लेकर जाने की बात स्वीकार की। इतना ही नहीं बच्चियों के पास 20 से 40 रुपए तक थे। जब बच्चियों से पूछा गया तो उन्होंने बताया की मिठाई खाने के नाम पर बच्चियों को रुपए दिए गए थे ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आदिवासी क्षेत्र में किस तरह भोले भाले ग्रामीणों को भ्रमित कर और पैसों का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। समिति के लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है जिसके बाद धर्मांतरण के खुलासे से हड़कंप मच गया है।



थाने में शिकायत करने पहुंचे पीड़ित परिजन व ग्रामवासी।

### पुलिस ने दर्ज किया अपराध

महिला द्वारा भोले भाले आदिवासी बच्चियों का धर्मांतरण करने के मामले में धर्म जागरण समिति के दिलवर यादव राम अवध यादव ने घटना की शिकायत मैनपाट पुलिस से की है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला कमलेश्वरपुर सरभंजा निवासी आरती मांझी आ. संतराम मांझी के खिलाफ छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 1968 की धारा 5(क) के तहत अपराध दर्ज किया है। दिलवर यादव का आरोप है कि उक्त महिला के बारे में पूर्व से शिकायत मिल रही थी। पहले वह गांव के युवाओं, शादी शुदा लोगों को प्रलोभन दे रही थी लेकिन लोग उसके झांसे में नहीं आए तो उसने छोटी बच्चियों को अपने झांसे में ले लिया।

### परिजन ने की कार्रवाई की मांग

धर्मांतरण को लेकर बच्चियों के परिजन ने भी पुलिस से शिकायत की है और कार्रवाई की मांग की है। बच्चियों के परिजन का आरोप है कि महिला बिना अनुमति के उनके परिवार की नाबालिग बच्चियों को धर्म परिवर्तन के लिए उकसा रही थी। जब वे काम के लिए घर से निकल जाते थे तो महिला घर आकर बच्चियों को अपने साथ लेकर चर्च जाती थी।

### कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं



घटना की जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही अब हम सभी को ग्रामीण अंचल में जाकर उनकी घरेलु स्थिति को जानना होगा। उनकी परिस्थितियों को ठीक करना होगा। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार इसी दिशा में काम कर रही है।

-राम कुमार टोप्पो
विधायक

### चल रही है जांच



सरभंजा की आरती मांझी द्वारा भोले भाले ग्रामीणों को प्रलोभन देकर जबरन धर्मांतरण कराने की शिकायत मिली। इस मामले में पुलिस ने महिला के खिलाफ अपराध दर्ज किया है और घटना की जांच चल रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी



# बाइक चलाने नहीं देने पर युवक ने पिता को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाइक चलाने के लिए नहीं देने और गिरवी रखने की बात से नाराज कलयुगी पुत्र ने पिता की डंडे से बेदम पिटाई कर दी। इस मारपीट से ग्रामीण की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

- डंडे से पिटाई के बाद हुई मौत, आरोपी गिरफ्तार, जमगला क्षेत्र का मामला

बताया जा रहा है कि 14 सितम्बर को लखनपुर पुलिस को जमगला सरपंच की ओर से सूचना मिली थी कि गांव में एक युवक ने अपने पिता की हत्या कर दी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। इस दौरान यह जानकारी सामने आई कि मृतक 45 वर्षीय रकसूदन वैष्णव अपने पुत्र रोशन वैष्णव के साथ रहता था और किसी ना किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होता रहता था। 14 सितम्बर को भी दोनों के बीच हुए झगडा विवाद में पुत्र ने पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने जब मामले में जमगला निवासी 19 वर्षीय रोशन वैष्णव आ. रकसूदन वैष्णव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि रकसूदन वैष्णव बेटे को बाइक चलाने नहीं देता था और गांव में किसी के पास गिरवी रख दिया था। इसी बात को लेकर आए दिन दोनों के बीच विवाद होता रहता था। दो दिन पूर्व भी युवक ने विवाद में अपने पिता की पिटाई की थी वहीं 14 सितम्बर की शाम भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान युवक ने पिता पर डंडे से तीन से चार बार वार कर दिया। इस घटना में रकसूदन वैष्णव की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद करने के साथ ही बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर शशिकांत सिन्हा, उनि केके यादव, प्रधान आरक्षक सुरजीत कोरी, आरक्षक राकेश एक्का, जगेश्वर बघेल, दशरथ राजवाड़े सक्रिय रहे।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क कैंसर परीक्षण एवं परामर्श शिविर 19 को

**अंबिकापुर।** लायंस क्लब सरगुजा एवं संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में वृहद कैंसर परीक्षण एवं परामर्श शिविर का निःशुल्क आयोजन स्थानीय गायत्री हॉस्पिटल बनारस रोड में 19 सितम्बर को किया जाएगा। शिविर की शुरुआत शुक्रवार सुबह 10 की जाएगी जिसमें समस्त प्रकार के कैंसर का परीक्षण रायपुर के कैंसर विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा साथ ही आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। लायंस क्लब अम्बिकापुर सरगुजा के सक्रिय टीम द्वारा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ उठाने आह्वान किया है।

### शैक्षणिक निर्देशों का करना होगा पालन

**अम्बिकापुर।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित शाला संकुल व्यवस्था में संकुल प्रभारी एवं संकुल समन्वयकों के कार्यों के सुचारू क्रियान्वयन हेतु शिक्षा विभाग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा सरगुजा संभाग के निर्देशों के तारतम्य में सभी संकुल समन्वयकों को यह सुनिश्चित करने कहा गया है कि वे अपनी पदस्थापित शाला में प्रतिदिन न्यूनतम तीन कालखण्ड अध्यापन कार्य अवश्य करें। निरीक्षण के दौरान यदि अध्यापन कार्य नहीं पाया गया तो संबंधित समन्वयक पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निर्देशों के अनुसार संकुल प्रभारी और समन्वयकों को अपने संकुल की शालाओं में शैक्षिक कैलेण्डर का पालन, विद्यार्थियों के लर्निंग आउटकम की ट्रैकिंग, उपचारात्मक शिक्षण, नामांकित बच्चों को गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक की समय पर उपलब्धता, विद्यालयों की नियमित मानिटरिंग तथा सामुदायिक सहयोग से संसाधन जुटाने की जिम्मेदारी निभानी होगी इसके अतिरिक्त यू-डाइस आंकड़ों का समय पर अद्यतन, शिक्षक प्रशिक्षण की आवश्यकता का आकलन एवं आयोजन, शाला प्रबंधन समितियों की क्षमता वृद्धि, अप्रवेशी एवं शाला त्यागी विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ना, हितग्राही मूलक शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा उच्च कार्यालयों के शैक्षणिक निर्देशों का अनुपालन करना भी अनिवार्य किया गया है।

### शराब के नशे में झूमने वाला आरक्षक निलंबित

**बिहारपुर।** रविवार को पुलिस चौकी मोहरसोप में पदस्थ आरक्षक ह्रदय लाल पाटले शराब के नशे में बीच सड़क पर अपनी स्कूटी खड़ा कर सड़क किनारे स्थित किराना दुकान के सामने बेसुध हालत में मिला था। इस दौरान ग्रामीणों ने आरक्षक का वीडियो बनाया था जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। हरिभूमि ने इस संबंध में प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था। खबर पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



# एनएचएम कर्मचारियों ने मांगी इच्छा मृत्यु, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एनएचएम के कर्मचारियों ने 28वें दिन इच्छा मृत्यु की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। इधर शासन ने भी 16 सितम्बर से हड़ताल समाप्त कर काम पर वापस नहीं लौटने वालों को सेवा समाप्ति की कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए है। बता दें कि नियमितीकरण, जॉब सुरक्षा, पब्लिक हेल्थ कैडर, ग्रेड पे सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट सहित अन्य कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हडताल पर है। इस हड़ताल से प्रदेशभर में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई है और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आंदोलनरत कर्मचारियों की मांग है कि शासन उनकी मांगों को लिखित में आश्वासन दें और मांगे पूर्ण करे तभी वे हड़ताल से वापस लौटेंगे। संघ का कहना है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान शासन की ओर से कार्रवाई करते हुए कई साथियों को सेवा से पृथक कर दिया गया। कोरोना काल में एनएचएम के कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अपनी सेवाएं दी इसके बाद भी शासन उनकी मांगों को लेकर सहानुभूति नहीं दिखा रहा है और बेरोजगार कर दिया जा रहा है। ऐसे में वे मानसिक अवसाद में है। संघ ने राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन में इच्छा मृत्यु की मांग की है। संघ का कहना है कि जब महाराष्ट्र में एनएचएम की हड़ताल के बाद सरकार ने उनकी मांगें मान ली नियमितीकरण के लिए लिखित आश्वासन दिया है। ऐसे में प्रदेश सरकार भी लिखित में आश्वासन दें जिसके बाद आंदोलन समाप्त किया जाएगा।

- 28 दिनों से चल रही हड़ताल

# बाइक समेत दो शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सीतापुर।** शहर से दिनदहाड़े हुई बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने बाइक समेत दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार नगर पंचायत सीतापुर के आदर्शनगर निवासी 39 वर्षीय विनोद तिग्गा अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 0962 से तीन सितंबर को साप्ताहिक बाजार आया हुआ था। इस दौरान उसने अपनी बाइक तालाब के पास खड़ी कर दी और बाजार चला गया। घंटे भर बाद जब वो वापस अपनी बाइक के पास आया तो देखा उसकी बाइक मौके से गायब थी। तालाब किनारे खड़ी उसकी बाइक को किसी अज्ञात व्यक्ति ने पार कर दिया था। काफी देर तक तलाशने के बाद भी जब उसे अपनी बाइक नही मिली तब उसने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी।पुलिस इस मामले की छानबीन में जुटी हुई थी तभी उसे मुखबिर से पता चला कि एक व्यक्ति चोरी की बाइक बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहा है।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आदर्शनगर में पेट्रोल पंप के पीछे घेराबंदी करते हुए ग्राहक की तलाश में घूम रहे व्यक्ति को बाइक समेत धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम दीपक प्रजापति आ. प्रेमसाय प्रजापति 23 वर्ष ग्राम बरगीडीह पार्वतीपुर थाना लुंड्रा निवासी बताया। बाइक चोरी के संबंध में युवक ने पुलिस को बताया कि घटना के दिन वो बरगीडीह पार्वतीपुर निवासी 28 वर्षीय कुख्यात चोर शत्रुघ्न पैंकरा के साथ चोरी की बाइक से सीतापुर पहुंचे थे। सीतापुर में पेट्रोल खत्म हो जाने की वजह से चोरी की गई बाइक खड़ी कर तालाब के पास से पीड़ित की बाइक चोरी कर ले गए थे। इस मामले में पुलिस ने गिरफ्तार दोनों शातिर चोरों के विरुद्ध धारा 303(2),111 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गौरव कुमार पांडेय, एसआई प्रेम सागर खूंटिया, प्रधान आरक्षक नीरज पांडेय, नेतराम पैंकरा, आरक्षक राकेश यादव, राजेश पैकरा, देवदत पैकरा, सेवक पैकरा, बुद्ध कुमार सक्रिय रहे।



# टीपर वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** रिश्तेदार के यहां मेहमानी कर स्कूटी से घर लौट रहे युवक को सिंघी टाना के समीप विपरीत दिशा से आ रहे टिपर वाहन के चालक के लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम लहपटरा निवासी ध्रुव कुमार आ. कुदर राम (40 वर्ष) गत दिन ग्राम सरई टिकरा निवासी रिश्तेदार के यहां मेहमानी करने गया था। शाम को स्कूटी से वापस घर लौटने लगा और जैसे ही सिंघीटाना पुलिया के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे टिपर क्रमांक सीजी 15 ईई 5258 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कैंसर बीमार से परेशान ग्रामीण ने पी लिया कीटनाशक, मौत

सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम उडमकेला जंगलपारा निवासी जगमोहन राम आ. सुखाराम (70 वर्ष) कई साल से कैंसर बीमारी से पीड़ित था। बीमारी ठीक नहीं होने से काफी परेशान था। रविवार की शाम घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। वृद्ध के उल्टी करते देख जब परिजन पूछताछ की तो वृद्ध ने बीमारी से परेशानी होकर कीटनाशक पी लेने की बात बताई। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## 25 किमी पैदल झलगी से लाकर परिजन ने कराया था भर्ती

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से कोडाकू मरीज गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य सुविधा की बदहाली पर कल जो तस्वीरें और खबरें सामने आई थीं, उसने पूरे इलाके में सनसनी मचा दिया था। ग्राम गोरगी रामकापारा निवासी नान राम कोडाकू को परिजन ने एंबुलेंस न मिलने पर झलगी में 25 किलोमीटर तक ढोकर प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। लेकिन अब इस घटना ने एक नया मोड़ ले लिया है। बताया जा रहा है कि आज सुबह करीब 9 बजे बिना किसी सूचना दिए ही परिजन मरीज को लेकर भाग गए। अचानक मरीज अस्पताल से गायब हो जाने से अब अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठने लगे है।

सूत्रों के अनुसार, परिजन का आरोप है कि मरीज को अस्पताल में न तो उचित इलाज मिल रहा था और न ही सही देखरेख। इसी वजह से परिजन ने उसे अस्पताल से हटा लिया। मरीज के अचानक गायब होने की खबर मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले की पुष्टि करते हुए एसडीएम ने गहन जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।



अधिकारियों ने माना कि यह गंभीर लापरवाही है और इसकी तह तक जाकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। इस विषय में एसडीएम ललिता भगत ने बताया कि कलेक्टर के दिशा निर्देश पर मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कोडाकू जाति के ग्रामीणों को देखने एवं सही उपचार के लिए दिशा निर्देश देने गई थी। लेकिन अस्पताल आने के बाद पता चला कि वह लोग बिना बताए अस्पताल से सुबह चले गए जिसकी खबर किसी को भी नहीं लगी। एसडीएम ने कहा कि इस मामले पर अस्पताल प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाई और लापरवाही व सही देखरेख नहीं होने के कारण इस तरह का लापरवाही सामने आया है। घटना की जानकारी से कलेक्टर को भी अवगत करा दिया गया है। मरीज जब अस्पताल से गायब हुए तब किसकी ड्यूटी थी इसकी जानकारी ली जा रही है। गंभीर मामला होने के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा लापरवाही बरतना बिल्कुल गलत है। एसडीएम ने बताया कि मरीज सहित परिजन की तलाश की जा रही है। उनका अंतिम लोकेशन बस स्टैंड की ओर मिला है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही उजागर हुई है।

### की जाएगी कड़ी कार्रवाई

कोड़ाकू जनजाति के लोगों को सही उपचार कर भर्ती कर जानकारी देनी थी। ऐसा क्या हुआ कि परिजन सुबह बिना बताए ही मरीज को लेकर चले गए। अस्पताल में ड्यूटी में कौन था और मरीज का क्या इलाज हुआ इसकी जांच कराई जाएगी। जांच टीम गठित कर दी गई है। जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-कपिल पैकरा, सीएमएचओ सूरजपुर

# गो हत्या के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को पकड़ा

**सीतापुर।** गौ हत्या के बाद मांस बेचने का मामला प्राकश में आया है। पुलिस ने देर रात की गई छापेमारी में भारी मात्रा में गोमांस बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना सीतापुर क्षेत्र के ग्राम राजापुर में देर रात कुछ ग्रामीण गौ हत्या कर उसका मांस बेचने की फिराक में थे। इस बात की जानकारी देर रात जब पुलिस समेत गौ सेवक भवानी सिंह को मिली। पुलिस समेत गौसेवक आरोपियों को पकड़ने रात को गांव में धावा बोल दिया।पुलिस को आता देख गाय की हत्या करने वाले लोग अंधेरे का लाभ उठाते हुए मौके से फरार हो गए। देर रात पुलिस को तलाशी के दौरान बोरे में रखा गाय का कटा हुआ मांस एवं लावारिस हालत में खड़ी बाइक मिली जिसे बरामद करते हुए पुलिस संदेह के आधार पर एक ग्रामीण को भी अपने साथ पकड़कर थाने ले आई थी। संदेही से पूछताछ के बाद पुलिस ने इस मामले में कोई संलिप्तता नही पाए जाने पर छोड़ दिया था। सोमवार की सुबह पुलिस ने गांव में धावा बोलते हुए बाइक के आधार पर इस घटना में शामिल पांच लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने मामले में 32 वर्षीय शंकर टोप्पो, 32 वर्षीय अनित एक्का, 35 वर्षीय मनोज कुजूर, 26 वर्षीय मंत्री एक्का व 40 वर्षीय धर्म केरकेट्टा शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छग कृषक पशु परि अधि 2004 की धारा 4,5,10 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इस मामले से संलिप्त कुछ और लोग अभी फरार चल रहे है जिनकी तलाश जारी है।

- मांस बेचने की फिराक में थे आरोपी

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने किया श्रमदान

**उदयपुर।** शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर में श्रमदान दिवस का आयोजन किया गया। जन भागीदारी समिति और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस दौरान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राधे श्याम ठाकुर ने कहा कि जन सहयोग एवं आपसी सामूहिक कार्य गतिविधि से ही महान कार्य की सिद्धि होती हैं। शिक्षा संस्थान और समाज कार्य दोनों परस्पर मिलकर जब अनुक्रिया करते हैं तब देश और राष्ट्र का उत्थान होता है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से सुश्री अंजलि एवं मनीष कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जब सामूहिक रूप से किसी कार्य गतिविधि को पूर्ण की जाती हैं तब कार्य की पुष्टि सरलता से हो जाती है,इससे आपसी सद्भाव का भी विकास होता है ।प्रत्येक को अपनी मेहनत के अनुसार हर एक काम में अपना शत प्रतिशत योगदान देना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर वंदना पांडेय ने कहा कि शारीरिक श्रम और मानसिक श्रम दोनों ही बहुत जरूरी है इससे व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से वैयक्तिक तौर पर मजबूत बनता है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि अनिल प्रताप सिंह, आशीष बंसल, परमेश्वर प्रजापति, शिव शंकर गोस्वामी, सुश्री अंजलि एवं मनीष कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने श्रमदान किया।

### पुत्र की लंबी उम्र की कामना के साथ माताओं ने रखा निर्जला उपवास



**सीतापुर।** पुत्र की लंबी उम्र की कामना के साथ माताओं ने जितिया का व्रत करते हुए निर्जला उपवास रखा। इस दौरान माताएं पूरे दिन बिना अन्न जल ग्रहण किये बगैर उपवास रहती है।जितिया व्रत की शुरुआत सप्तमी तिथि से शुरू होती है। इस दिन माताएं नहा धोकर सात्विक भोजन ग्रहण करती है। अष्टमी तिथि को पूरे दिन बिना अन्न जल ग्रहण किये निर्जला उपवास करने वाली माताएं जीवित पूजा के लिए सार्वजनिक शिवमंदिर पहुंची जहां शाम को जीवित वाहन नागराज की पूजा अर्चना के बाद माताओं ने कथा सुनी। कथा सुनने के बाद माताओं ने जितिया महिजा मंत्र का जाप करते हुए पुत्र के दीर्घायु होने की कामना की। मंदिर में पूजा अर्चना एवं कथा सुनने के बाद व्रती माताएं अपने घर चली गई।पूरे दिन और रात निर्जला उपवास रहने के बाद माताएं नवमी तिथि को सूर्योदय के बाद इस व्रत का पारण करती है। इसके बाद सात्विक भोजन ग्रहण करते हुए व्रत तोड़ा जाता है।

### महाविद्यालय ने मनाया भाषा गौरव और संस्कृति का उत्सव




**बलरामपुर।** शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हिन्दी विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्राचार्य नंद कुमार देवांगन ने कहा कि हिन्दी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि यह ज्ञान-विज्ञान, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता की आधारशिला है। उन्होंने हिन्दी की उपयोगिता एवं वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मूल एवं संदर्भ ग्रंथों के अध्ययन की प्रेरणा दी। प्रो. नंद किशोर सिंह ने विभिन्न भाषा-व्याकरणों की चर्चा करते हुए हिन्दी को वैज्ञानिक एवं समन्वयकारी भाषा बताया। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रो. योगेश राठौर, मंजीत चौबे ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने साहित्यिक प्रस्तुतियों के साथ ही बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने हिन्दी का महत्व और युवा पीढ़ी विषय पर लघु नाट्य मंचन किया। एमए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिन्दी विषय पर प्रभावशाली भाषण दिया। कार्यक्रम में हिन्दी विभाग से आनंद चौबे एवं मंजीत चौबे, पिंटू मंडल, उमेश गुप्ता, पूनम साय आदि मौजूद थे।

## पुलिया धराशायी होने से स्कूली बच्चों सहित लोगों थे परेशान

# ग्राम पंचायत पटना के ग्रामीणों ने आपस में चंदा कर बनाई पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

गांव के विकास में पुल-पुलिया सहित सड़क की सुविधा अहम होती है। ऐसे में इनमे से एक भी सुविधा न हो तो न सिर्फ ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बल्कि आवागमन बाधित हो जाती है और लोगों को कई किमी अतिरिक्त सफर करना पड़ता है। कुछ इस तरह की स्थिति जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटना की है जहां पुलिया के धराशायी हुए कई माह हो गए लेकिन आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में गांव के लोगों ने आपस में चंदा करने के पश्चात श्रमदान कर अस्थाई पुलिया का निर्माण किया जिसके बाद आवागमन शुरू हो सकी।

**खास बात**
- मरम्मत कराने जनप्रतिनिधि सहित प्रशासन से लगा चुके हैं गुहार

जनपद पंचायत शकरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना स्थित पुलिया कुछ माह पूर्व ही धराशायी हो गई। पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से गांव के लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कत होने लगी। ग्रामीणों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित प्रशासन से पुलिया मरम्मत कराने की मांग की लेकिन पुलिया की मरम्मत नहीं हो सका। ग्राम पंचायत पटना के ग्रामीणों ने आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर खुद ही अस्थाई पुलिया निर्माण करने का निर्णय लिए। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से चंदा कर आवागमन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एवं बलरामपुर जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले मार्ग पर धराशाई पुलिया को स्वयं ही श्रमदान कर मरम्मत किया।


पुलिया मरम्मत कराते गामीण।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग शंकरगढ़ बचवार से बलरामपुर जिला मुख्यालय को जोड़ती है। पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से न सिर्फ आवागमन बाधित हुआ बल्कि ग्रामीणों को जिला मुख्यालय आने-जाने के लिए घूम कर 20-25 किलोमीटर अतिरिक्त रास्ता का सफर तय करना पड़ता है। गांव के छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को भी स्कूल आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों ने कई बार पुलिया मरम्मत के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से गुहार भी लगाई परंतु समस्या का समाधान नहीं हो सका और न ही किसी प्रकार कोई पहल किया गया। अंततः ग्रामीणों ने आपसी एकता से श्रमदान कर एवं पैसा लगाकर अस्थाई रूप से पुलिया को आवागमन हेतु मरम्मत कराया है।

**जिला मुख्यालय को जोड़ती है सड़क**

ग्रामीणों द्वारा अस्थाई पुलिया निर्माण करने से क्षेत्र के लोगों को काफी हद तक राहत मिली है। क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी कार्य से जिला मुख्यालय जाते है। ऐसे में पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से लोगो की परेशानी काफी बढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क शंकरगढ़ बचवार से बलरामपुर जिला मुख्यालय को जोड़ती है। ऐसे में पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से जिला मुख्यालय जाने के लिए लगभग 20 से 25 किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता था।

**ग्रामीणों ने की स्थाई पुलिया निर्माण की मांग**

ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थाई पुलिया निर्माण कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आपस में चंदा कर अस्थाई पुलिया तो बनाया गया है लेकिन लगातार हो रही बारिश से पुलिया कभी भी धराशायी हो सकता है। ऐसे में पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो सकती है। स्थाई पुलिया निर्माण से न सिर्फ पुलिया टिकाउ होगा बल्कि आवागमन भी सुचारू रूप से शुरू हो सकता है।



## छोटी-छोटी बातों पर निराश ना हों, बढ़ते रहे आगे : टोप्पो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को राजीव गांधी महाविद्यालय में राज्य युवा आयोग द्वारा युवा संवाद अभियान अंतर्गत युवा विकास उन्मुखी विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राम कुमार टोप्पो मुख्य अतिथि एक रूप में शामिल हुए। विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि पहले युवाओं को ना ही इतनी सुख सुविधा प्राप्त होती थी ना ही इतनी व्यवस्थाएं थी न मोबाइल की सुविधा थी किंतु अब आपके पास आगे बढ़ने के समुचित अवसर हैं। बस आपको चयन करना है कि आपको कैसे आगे बढना है आपको यह भी सुनिश्चित करना है कि आप छोटी-छोटी बातों पर निराश ना हो आगे बढ़े।

- राज्य युवा आयोग के युवा सम्वाद कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि मैं इसी कॉलेज का छात्र रहा हूं अंबिकापुर की मिट्टी में ही जन्म लिया है। मेरा सदा से यह संकल्प रहा कि मैं यदि इस योग्य बनता हूं कि मैं आप सभी के लिए कुछ कर सकूं तो यह मेरा सौभाग्य होगा। विशिष्ट अतिथि आईजी दीपक झा ने कहा कि युवाओं में वह शक्ति है, वह ताकत है कि वह समाज की दिशा और दशा बदल सकते हैं। आज भारी बारिश में भी आपका उत्साह देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि सरगुजा के युवा सच में वह सामर्थ्य रखते हैं, जो यदि गलत के विरुद्ध खड़े हो जाए तो समाज को नई दिशा प्राप्त हो सकती है। उन्होंने कहा कि नशा बहुत से अपराध का कारण बनता है इसलिए नशामुक्ति के क्षेत्र में सरगुजा पुलिस नवा विहान कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालय में जाकर जन जागरूकता के कार्यक्रम कर रही है। ऐसी कोई भी सूचना जो कि आगे चलकर गंभीर अपराध का कारण बन सकती है यदि आपको प्राप्त हो तो तत्काल हमें जानकारी पहुचाये। एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कहा कि साइबर अपराध पर युवाओं की भागीदारी क्या होनी चाहिए एवं नशा विरोधी अभियान कैसे समाज को नई दिशा देने में कारगर हो सकता है। उन्होंने युवा आयोग को इस सार्थक प्रयास के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, पायल सिंह तोमर भी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शिल्पा पांडे व आभार प्रदर्शन पार्षद दीपक यादव ने किया। सभी अतिथियों का धन्यवाद करके किया। इस दौरान रौनी मिश्रा, सृष्टि सिंह राजपूत, लवकेश शुक्ला, एनसीसी के दीपक, सौरभ मिश्रा, विकास शुक्ला, हर्ष जयसवाल, अमोघ कश्यप, शानू कश्यप, धीरज सिंह, उत्कर्ष पाठक, मनीष सिंह उपस्थित थे।

## गोविंदपुर नर्सरी में साथियों संग पार्टी मना रहे युवक पर भालू ने किया हमला

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर नर्सरी में साथियों के साथ रात को पार्टी मना रहे एक युवक पर भालू ने अचानक हमला कर दिया,घटना शनिवार रात साढ़े आठ बजे के आसपास की बताई गई है।बताया गया कि ग्राम गोविंदपुर नर्सरी में बीती रात आधा दर्जन से अधिक युवक रात्रि में नर्सरी में पार्टी कर रहे थे,इसी दौरान अचानक नर्सरी से निकले दो भालू में से एक ने पार्टी में शामिल युवक सन्नी यादव पिता रूप साय 21 वर्ष को पीछे से हमला कर पंजा मार दिया,चीख पुकार व हो हंगामा मचने के बाद दोनों भालू घायल युवक को छोड़कर नर्सरी की तरफ घुस गये,प्राप्त जानकारी अनुसार पार्टी मना रहे साथियों ने जब दो भालूओं को सामने से आते देखा तो वे सभी डरकर इधर उधर खाली जगह देखकर भागने लगे,घटना पश्चात खून से लथपथ आहत युवक को साथियों व आसपास के लोगों ने बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है,मामले में जयनगर सर्किल इंस्पेक्टर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि एसईसीएल कुमदा खदान के बाजू रिक्त क्षेत्र में एसईसीएल प्रबंधन द्वारा नर्सरी लगाई गई है,वहीं की घटना है,वन विभाग के अधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है,उन्होंने युवकों द्वारा देर रात नर्सरी में पार्टी मनाने के दौरान घटना होने की पुष्टि की है और कहा कि युवक को इलाज के लिए तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई है,उन्होंने बताया कि कुमदा एरिया ग्राम राईं, दतिमा, करसु कसकेला से लगा है,अनुमान लगाया जा रहा है कि भालू भोजन पानी की तलाश में इस क्षेत्र में पहुंचा होगा, स्थानीय लोगों के मुताबिक दो भालू साथ घूम रहे हैं, जिसमें एक नर एक मादा होने की संभावना है।सर्किल इंस्पेक्टर ने आमजनों से सावधानी के साथ घरों से बाहर निकलने की अपील की है और किसी प्रकार की घटना होने पर तत्काल सूचना देने को कहा है ताकि समय पर मदद पहुंचाई जा सके।

- भालू को पास आता देख डरकर दोस्त मौके से भागे, दो भालूओं के एक साथ घूमने की मिल रही सूचना

## मंत्री राजवाड़े ने बालक गृह का किया औचक निरीक्षण, ली विभागीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के भ्रमण में आई। उन्होंने उदय शांति बालक बाल गृह का निरीक्षण की। इस दौरान वहाँ निवासरत बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं देखरेख की व्यवस्था का विस्तार का जायजा लिया। बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, अध्ययन कक्ष, आवासीय व्यवस्था एवं खेलकूद की गतिविधियों की भी जानकारी ली।

- स्टॉफ से ली कार्यो की जानकारी, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

इस अवसर पर बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें उत्साह और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित की। सुशासन सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्तम संस्कार मिलें, ताकि वे अपने जीवन में प्रगति करते हुए उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें। सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण की। इस दौरान पीड़ित महिलाओं एवं जरूरतमंदों के लिए उपलब्ध त्वरित सहायता, परामर्श, आश्रय, चिकित्सकीय सुविधा और विधिक परामर्श जैसी सेवाओं का अवलोकन की। निरीक्षण के दौरान सेंटर के स्टाफ से संवाद कर उनके कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दी। उन्होंने का कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण में यह सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जो वास्तव में सराहनीय है। ग्राम भनोरा स्थित खुशी वृद्धाश्रम का भी निरीक्षण की। आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य, भोजन, देखभाल एवं आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, कलेक्टर राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर, गोपाल कृष्ण मिश्रा, कृष्ण गुप्ता, लोधी राम एक्का, संजय सिंह, भानु प्रकाश दीक्षित, दीनानाथ यादव, मुकेश गुप्ता, अजय गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अजय यादव , गौतम सिंह, विजय प्रताप सिंह, गुरुदेव सिंह, रजनी सोनी,मंगलम पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित थे।



## अमेरा खदान विस्तार हेतु परसोढ़ीकला गांव के विस्थापन की खबरें अफवाह : महाप्रबंधक

**बिश्रामपुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर विकास खंड में संचालित अमेरा खुली खदान परियोजना को लेकर एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने आ रही भ्रामक खबरों में स्थिति स्पष्ट की है,उन्होंने कहा कि वर्तमान में अमेरा खदान का विस्तार परसोढीकला गांव में होना है, इसे लेकर कुछ लोग भ्रामक बातें व अफवाह फैला रहे हैं,उन्होंने कहा कि परसोढीकला गांव को खदान खोलने के लिए गाँव के बसे लोगों को हटाने व विस्थापन करने की कोई योजना नहीं है, यहां फिलहाल केवल कृषि भूमि से कोयला उत्खनन की योजना है,उन्होंने बताया कि जुलाई 2024 में खदान के लिए जनसुनवाई और डीआरआर की बैठक में ग्रामीणों ने कोल इंडिया पुनर्वास एवं पुनर्वास नीति (घटते क्रम सूची)को चुना था,उन्होंने बताया कि यहां की कुल 473 एकड़ काश्तकारी भूमि पर 236 भू स्वामियों के लिए रोजगार सृजित किए गए हैं,उन्होंने बताया कि साधारण परिस्थिति में दो एकड़ रकबे जमीन अधिग्रहण होने में एक सदस्य को नौकरी मिलती है जबकि यहां 29 डिसमिल में भी भू विस्थापित ग्रामीण को नौकरी की पात्रता दी गई है,उन्होंने बताया कि करीब 86 करोड़ का मुआवजा यहां के ग्रामीणों के लिए पारित किया गया है,इसमें 19 प्रतिशत ग्रामीणों ने मुआवजा भुगतान की राशि स्वीकार कर ली है।जीएम ने कहा कि ग्रामीणों के मन में जो भी शंका है उसका हर स्तर पर समाधान किया जाएगा,इसके लिए ग्रामीणों से प्रबंधन के लोग व्यक्तिगत रूप से बात कर रहे हैं,बताया गया कि भू स्वामियों को नौकरी देने हेतु तेजी से प्रयास शुरू कर दिए गए हैं,पिछले दिन तीन भू स्वामियों को नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र देकर इसकी शुरुआत कर दी गई है।

## संयुक्त शिक्षक संघ के कुलदीप बने ब्लॉक अध्यक्ष

**अम्बिकापुर।** संयुक्त शिक्षक संघ की बैठक में जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने भैयाथान के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे के बीआरसी चयनित होने पर संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंह को भैयाथान का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने संघ के निर्देशों का पालन करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी , राकेश शुक्ल, शहादत अली, गिरिवर यादव, भुवनेश्वर सिंह, मनोज कुशवाहा, दिल मोहम्मद अंसारी, संधारी देवांगन, इंदुमौली मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।




## लोक अदालत में सुलझा सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत का मामला

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को एक बड़े सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत के मामले का आपसी राजीनामा से निपटारा किया गया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद 57 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा प्रदान कर इस प्रकरण का निराकरण किया गया। बता दें कि 2 फरवरी को अंबिकापुर निवासी व बलरामपुर जिले में पदस्थ

- आपसी राजिनाला के तहत दी गई 57 लाख रुपए दुर्घटना बीमा

आरक्षक रवि प्रकाश मिश्रा परिवार के सदस्य गोदावरी मिश्रा, अथर्व मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, दीपांशु मिश्रा व घर में काम करने वाली महिला दुर्गा प्रजापति प्रयागराज कुंभ जा रहे थे। इसी दौरान यूपी में हाथीनाला के पास रानीताली मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक क्रेटा वाहन को टक्कर मार दी थी। इस घटना में एक ही परिवार से सदस्य गोदावरी मिश्रा, अथर्व मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, रवि प्रकाश मिश्रा तथा उक्त परिवार के घर काम करने वाली दुर्गा प्रजापति की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी। क्रेटा कार का चालक दुर्घटना के समय आरक्षक के पद पर पदस्थ था जिसके संबंध में उनके परिवार के सदस्य द्वारा इस अधिकरण में उक्त मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा-166 के तहत अनावेदकगण दयाशंकर पाल, एसएस इन्फ्रा सोल्युशन एवं न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के विरूद्ध प्रस्तुत किया गया था। इस प्रकरण को 13 सितम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में रखा गया। लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री केएल चरयाणी के खण्डपीठ क्र. 1 के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बीमा कम्पनी ने पीठासीन अधिकारी केएल चरयाणी, अधिवक्ता सदस्य राष्ट्ररंजन मलतियार एवं श्रीमती शीला साहू के समक्ष कुल 57 लाख रुपए में राजीनामा किया। लोक अदालत में आपसी सहमती से महज 5 माह में इस प्रकरण का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय एवं सीतापुर न्यायालय में लगभग साढ़े तीन हजार लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। किशोर न्याय बोर्ड के 95 तथा परिवार न्यायालय के 25 प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया एवं लाखों की संख्या में प्री-लिटिगेशन मामलों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार राजस्व न्यायालयों में 13316 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## शारदीय नवरात्री व दुर्गोत्सव मनाने में उत्पन्न समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शारदीय नवरात्रि और दुर्गोत्सव को लेकर बिश्रामपुर क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल की स्थिति नजदीक आ रही है,इस मामले में उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सूरजपुर के महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर निराकरण करने की मांग की है,ज्ञापन में उल्लेखित है कि बिश्रामपुर में धार्मिक मंदिरों और आस्था स्थलों की संख्या अधिक है।

- पिछले तीन वर्षों से मेले प्रांगण में लगने वाली अस्थाई दुकान संचालकों से निर्धारित दर से कई गुना अधिक की हो रही अवैध वसूली

यहां हर वर्ष कोल इंडिया के कर्मचारियों की सहभागिता से भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन होता है, इस ऐतिहासिक आयोजन में कर्मचारी अपने एक दिन का वेतन अर्पित करते हैं और महाप्रबंधक पदेन अध्यक्ष की भूमिका निभाते हैं,दुर्गा पूजा,दशहरा मेला और रावण दहन जैसे कार्यक्रम क्षेत्र की संस्कृति और सामूहिक आस्था का प्रतीक हैं,धर्मेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि पिछले तीन वर्षों से मेला स्थल पर नवरात्र के समय लगने वाली अस्थाई दुकानों से निर्धारित दर से कहीं ज्यादा अवैध वसूली की जा रही है,उनके अनुसार एसईसीएल की लीज भूमि पर लगने वाले मेले में दुकान लगाने के नाम पर की जा रही यह उगाही न केवल आपराधिक कृत्य है बल्कि इससे व्यापारियों और दुकानदारों में आक्रोश है,कई लोगों ने इस कारण अपनी अस्थाई दुकानें नहीं खोलीं,जिससे मेले की रौनक फीकी पड़ने लगी है। उन्होंने मांग की कि अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए और मेले में आने वाले सभी दुकानदारों को निःशुल्क जगह उपलब्ध कराई जाए। उक्त मामले पर जीएम ने मेला हेतु जगह निर्धारित दर पर उपलब्ध किए जाने की बात कही है।

**दुर्गा पंडाल के पीछे नए पक्के भवन निर्माण कराए जाने पर भी जताई गई आपत्ति**

नगर पंचायत द्वारा दुर्गा पंडाल के पीछे नए भवन का निर्माण किए जाने पर भी जीएम के समक्ष आपत्ति जताई गई,धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान पंडाल मजबूत और सुरक्षित है, ऐसे में नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा बनवाए जा रहे नए पंडाल का निर्माण अनुचित और अव्यावहारिक है, उन्होंने आशंका जताई कि तालाबों के बीच नए निर्माण से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, इस मुद्दे पर वर्तमान पंडाल को ही और आकर्षक बनाने की बात रखी गई, जिस पर जीएम ने आश्वस्त किया है कि पुराने दुर्गा पंडाल में ही मरम्मत कार्य पूर्ण कराकर पूजा अर्चना की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।ज्ञापन में माइनर्स कॉलोनी स्थित मां काली मंदिर की बदहाली का भी उल्लेख किया गया है, बताया गया कि यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र है,परंतु रख-रखाव की कमी के कारण समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने मांग किया है कि इस मंदिर को भी शारदीय नवरात्र में एसईसीएल की रख-रखाव और जीर्णोद्धार योजना में शामिल किया जाए,जिस पर जीएम द्वारा अपनी सहमति दी गई है, इस दौरान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सह प्रवक्ता अनुपम फिलिप व अन्य उपस्थित रहे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विषेशज्ञ
डॉ.चन्द्रशेखर उपाध्याय - हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. संदीप गुप्ता - शिशु एवं बाल्य रोग विषेशज्ञ
डॉ. संगिता भारती - चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि - दंत एवं मुख विषेशज्ञ
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर
1.5 TESLA MRI
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!

डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे

## खबर संक्षेप

### नवयुवक दुर्गा मंडल की वार्षिक बैठक अग्रवाल अध्यक्ष मनोनीत




**सूरजपुर।** नगर के धार्मिक एवं सामाजिक संस्था नवयुवक दुर्गा मंडल का वार्षिक बैठक संपन्न हुई, जिसमें पुरानी कार्यकारणी को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से मनोनयान किया गया। बैठक में धर्मवीर अग्रवाल, मदनलाल गोयल, रमेश अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल राजू, हूलेश्वर प्रसाद गुप्ता ,ललित अग्रवाल, वीरेंद्र गर्ग, मनोज मंगल, अश्वनी पांडे, घनश्याम बंसल ,राजेश साहू, विनोद मित्तल, नरेश बंसल, संजय रोहिल्ला, सुनील बंसल, राजेश अग्रवाल कल्लू, विजेंद्र गुप्ता, पवन कुमार बंसल ,राकेश जिंदल, अंकित तायल, अजीत गुप्ता, धर्मपाल राजवाड़े, शुभम कसेरा, नीलेश मित्तल मोंटू, मुकेश मित्तल, सुमित देवांगन, कुमुद साहू, अवधेश पुरी, कान्हा गोयल, चंद्रकांत अग्रवाल, प्रेम ठाकुर, प्रेम शंकर सोनी, अनंत राम साहू, नंदकिशोर ठाकुर, यश गोयल, अनिल बंसल, मनोज गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, गैबीनाथ साहू, कैलाश चौधरी, विनोद साहू, रोशन ठाकुर, रंजन ठाकुर, कमल किशोर पांडे, योगेश गुप्ता, मोहनलाल गुप्ता, हितेश मित्तल वर्ष 2025 -26 के लिए सदस्यता ग्रहण की। इन्हीं सदस्यों में से वर्ष 2025-26 के लिए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया जिसमें मार्गदर्शक धर्मवीर अग्रवाल, मंडल प्रमुख मदन लाल गोयल, अध्यक्ष राजेश अग्रवाल राजू ,कोषाध्यक्ष घनश्याम बंसल, सचिव हूलेश्वर प्रसाद गुप्ता, व्यवस्थापक नरेश बंसल ,प्रवक्ता गैबीनाथ साहू, पूजा प्रभारी अश्वनी पांडे, ललित अग्रवाल एवं वीरेंद्र गर्ग, झांकी प्रभारी विनोद मित्तल, नंदकिशोर ठाकुर, संजय रोहिल्ला,साउंड प्रभारी राजेश साहू, धर्मपाल राजवाड़े, मनोज गुप्ता, कार्यालय प्रभारी राजेश साहू ,सह सचिव अजीत कुमार गुप्ता मनोनीत किए गए। मंडल की बैठक में श्री नवयुवक दुर्गा मंडल का 39 वां वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। नवरात्रि के सप्तमी को जगराता का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

### अब कांग्रेस की जांच समिति जाएगी रामगढ़ पहाड़

**अंबिकापुर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का दल रामगढ पर्वत पर कोल ब्लॉक के कारण पड रहे दुष्प्रभाव के आंकलन के लिए 16 सितंबर को रामगढ का दौरा करेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने बताया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा हाल ही में किया गया खुलासा कि गलत आंकड़ों के आधार पर रामगढ पर्वत के ठीक बगल में स्थित खदान को खोलने का प्रयास किया जा रहा है, काफी चिंताजनक है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस क्षेत्र में पूर्व से मौजूद खदानों में हो रहे ब्लास्टिंग के कारण पहले से ही रामगढ पर्वत को भारी क्षति की खबरें लगातार स्थानीय लोगों और मीडिया के माध्यम से आ रही है। अब पहाड़ के बगल में नया खदान खोलने से पूरे पहाड़ का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जायेगा। उन्होंने कहा है कि रामगढ प्रभु राम के वनवास काल से जुड़ा प्रतीक है जिसका व्यापक धार्मिक महत्व है। किसी के व्यावसायिक लाभ के लिये हम स्थानीय निवासियों के धार्मिक विश्वास पर आघात करने नहीं देंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ रामगढ़ पर्वत को हो रही क्षति के आंकलन के लिये 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पूर्व महापौर अजय तिर्की, निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस अम्बिकापुर शहर और ग्रामीण के क्रमशः हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, अरविंद सिंह, संजय विश्वकर्मा, हेमंत तिवारी, विनीत विशाल जायसवाल भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान वे स्थानीय निवासियों से इस क्षति को लेकर जानकारी प्राप्त करेंगे।

### 15 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** ग्राम लोधिमा नदी किनारे हार जीत का दांव लगा रहे 15 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने जुआरियों के पास से नकद जब्त कर सभी के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बीती रात क्षेत्र में गश्त कर रहे चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम लोधिमा नदी किराने कुछ जुआड़ी हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर जुआ खेल रहे रामकुमार रजवार, उमाशंकर सिंह, बादू राजवाड़े, बनारसी यादव, रमेश, रामसाय व सोमारसाय को पकड़ा। जुआड़ियों के पास व जुआ फड़ से 7 हजार 390 रूपये जब्त किया गया। वहीं दूसरे मामले में थाना रामानुजनगर पुलिस ने ग्राम मांजा में हारजीत का दाव लगा रहे तिरथ बरगाह, जुगेश्वर प्रसाद साहू, पंकज साहू, तरून साहू, श्यामले राजवाड़े, नेतलाल प्रजापति, मुकेश साहू, महेन्द्र साहू को पकड़ा। जुआड़ियों के पास से 10 हजार 230 रूपये जब्त किया। दोनों ही मामले में 17 हजार 620 रूपये जब्त कर 15 जुआड़ियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू व चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रहे।

## पांच दिन में 2169 विद्यार्थियों ने लिया एडमिशन

# प्रवेश का दोबारा अवसर देने के बावजूद कॉलेजों में 17 हजार सीटें रह गईं खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शासन द्वारा कॉलेजों में प्रवेश के लिए पांच दिन का अतिरिक्त अवसर देने के बावजूद इस बार भी स्नातक प्रथम वर्ष की सीटें नहीं भर पाई है। पांच दिनों में संभागभर के कॉलेजों में मात्र 2169 नए विद्यार्थियों ने ही प्रवेश लिया है तथा 17412 सीटें अभी भी खाली बची हैं।

**खास बात**
- तीन सालों से प्रवेश में लगातार आ रही कमी

स्नातक संकाय के पारंपरिक पाठ्यक्रम में अब छात्र-छात्राओं की रूचि लगातार कम हो रही है जिसका प्रभाव कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में स्वीकृत सीटों पर पड़ रहा है। पिछले कुछ सालों से लगातार प्रवेश में कमी आ रही है। प्रवेश के लिए छात्र-छात्राएं पंजीयन तो करा रहे हैं लेकिन प्रवेश लेने में रूचि नहीं ले रहे हैं। इस बार कॉलेजों में 14 अगस्त तक प्रवेश की प्रक्रिया चलती रही। कॉलेजों ने कई बार मेरिट सूची निकाली वहीं विश्व विद्यालय द्वारा कई बार प्रवेश पंजीयन का अवसर भी प्रदान किया गया लेकिन सारे प्रयासों के बावजूद एसजीजीयू से सबद्ध संभागभर के कॉलेजों में मात्र 16045 सीटें ही भर पाई तथा 19360 सीटें खाली बच गई। रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए संत गहिरा गुरू विवि प्रबंधन ने शासन से प्रवेश की तिथि बढ़ाने की गुहार लगाई थी। प्रवेश के अन्य विश्वविद्यालयों ने भी शासन से प्रवेश तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया था। विश्वविद्यालय के अनुरोध पर शासन द्वारा 1 से 5 सितम्बर तक प्रवेश की तिथि बढ़ाने की घोषणा की गई थी। बढ़ाई गई तिथि में नए छात्र-छात्राओं को प्रवेश पंजीयन कराने विवि द्वारा दोबारा पोर्टल भी खोला गया। सीमित संख्या में नए छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीयन भी कराया लेकिन इस अवधि में मात्र 2169 विद्यार्थी ही अपना एडमिशन करा सके। पिछले साल भी दोबारा अवसर देने के बावजूद लगभग 16000 सीटें खाली रह गई थी। स्नातक संकायों में कम प्रवेश होने के पीछे अधिकारी तकनीकी पाठ्यक्रमों की ओर विद्यार्थियों की रूचि बढ़ने को मान रहे हैं।

**युवाओं का ध्यान रोजगार पर**

शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी रोजगार पर अधिक ध्यान दे रहे हैं तथा रोजगारपरक कम अवधि के पाठ्यक्रमों के अध्ययन में अधिक रूचि ले रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं की रूचि आईटीआई, नर्सिंग जैसे पाठ्यक्रमों के प्रति रूचि बढ़ी है। इन पाठ्यक्रमों की पढ़ाई पूरी करते ही छात्र-छात्राओं को रोजगार मिल जाता है। अन्य पाठ्यक्रमों में रोजगार की संभावना कम होने के साथ ही कड़ी प्रतिद्वंदिता होने के कारण छात्र-छात्राओं की रूचि में बदलाव आया है। युवा रोजगार की किसी भी संभावना को छोड़ना नहीं चाह रहे हैं।

**पीजी कॉलेज में भी सीटें खाली**

शासकीय राजीव गांधी पीजी कॉलेज में स्वशासी व्यवसाय लागू है। पीजी कॉलेज प्रबंधन प्रवेश से लेकर परीक्षा तक की सभी प्रक्रियाओं को स्वयं पूरा करता है। संभाग का सबसे बड़ा महाविद्यालय होने के कारण पीजी कॉलेज में प्रवेश के लिए भारी भीड़ उमड़ती है। इस बार गणित को छोड़ स्नातक के सभी संकायों की सीटें भर गई हैं जबकि गणित संकाय की 104 सीटें खाली रह गई है। इस बार पीजी कॉलेज में कुछ स्नातकोत्तर संकायों की सीटें भी खाली रह गई है। स्नातकोत्तर हिन्दी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, भूगोल संकाय की सीटें भर गई है जबकि अर्थशास्त्र में 30, इतिहास की 15, एमएसडब्ल्यू की 44, स्नातकोत्तर कम्प्यूटर साइंस की 12, साइकोलॉजी की 21 एवं बी लिब की 17 सीटें खाली बची है। स्व वित्तीय व्यवस्था से संचालित पाठ्यक्रमों की फीस अधिक होने के कारण प्रारंभ से ही इन पाठ्यक्रमों में कम प्रवेश हो रहे हैं।

**तकनीकी पाठ्यक्रमों में रूचि**

छात्र-छात्राओं की रूचि तकनीकी पाठ्यक्रमों की ओर बढ़ रही है। जिसके कारण प्रवेश में कमी होने का अनुमान है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू



## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ताला, निराश लौटे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के कारण सोमवार को पूरे दिन उप स्वास्थ्य केंद्र महुली में ताला लटकता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों को बैरंग लौटना पड़ा।

उप स्वास्थ्य केंद्र महुली में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी रूकने का नाम नहीं ले रही है। स्वास्थ्य कर्मी मनमाने तरीके से स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन कर रहे हैं जिससे न तो समय पर अस्पताल खुल रहा है न ही पूरे समय संचालित हो रहा है। शनिवार को दोपहर 2 बजे एनएम एवं आरएचओ अस्पताल बंद कर घर चले गए। सुबह स्वीपर ने अस्पताल को खोल दिया लेकिन दोपहर तक दोनों स्वास्थ्यकर्मी नहीं पहुंचे तो स्वीपर ने ताला बंद कर दिया। इस दौरान बारी-बारी से पूरे दिन दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीण अस्पताल पहुंचे एवं ताला देख वापस लौट गए। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों स्वास्थ्यकर्मी सूरजपुर जिले के निवासी है तथा कभी भी अस्पताल बंद कर घर चले जाते हैं। एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल शुरू होने के बाद स्वास्थ्यकर्मी मनमाने तरीके से अस्पताल का संचालन कर रहे हैं।

इस संबंध में बीएमओ बंटी बैरागी ने बताया कि लापरवाह कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया था लेकिन स्थिति नहीं बदली है। जिला कार्यालय से दोनों कर्मचारियों को नोटिस जारी करने कहा गया है। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने दोनों कर्मचारियों द्वारा 11 बजे छुट्टी का आवेदन देने की सूचना दी है।

## गाज की चपेट में आने से किशोर की मौत, आधा दर्जन गंभीर

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखंड ओड़गी के दूरस्थ ग्राम पंचायत पालकेवरा में गाज की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई वहीं आधा दर्जन ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को कोरिया जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत में भर्ती किया किया।

- दूरस्थ ग्राम पंचायत पालकेवरा की घटना

हितग्राहियों के खाते में महतारी वंदन योजना की राशि कम आने की शिकायत पर रविवार को ग्रामीण पंचायत सचिव के पास गए थे स्थिति से अवगत होने के बाद पंचायत सचिव पेड़ के नीचे बैठकर हितग्राहियों के मोबाइल नंबर सहित अन्य दस्तावेजों को अपलोड कर रहे थे। इस दौरान अपराह्न 2 बजे गरज-चमक के साथ बूंदाबादी होने लगी जिसके कारण आसपास के भी कुछ ग्रामीण पहुंच गए। इस दौरान गाज गिरने से विजय चेरवा आ.झगर साय (17 वर्ष) सहित आधा दर्जन ग्रामीण चपेट में आ गए। गाज की चपेट में आने से विजर चेरवा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि 6 ग्रामीण झुलस गए। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छतरंग के बंद होने के कारण घायलों को सीमावर्ती सोनहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में 3 महिलाएं, 2 पुरूष व एक बच्ची शामिल हैं।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का किया निरीक्षण, सुनी कैदियों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर की अध्यक्षता में आज जिला जेल का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान जेल की वर्तमान क्षमता, भविष्य की जरूरतों और कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के लिए विशेष रूप से गठित एक संयुक्त टीम ने जेल का दौरा किया। टीम में जेल की भविष्य की मांगों की समीक्षा के लिए बनी कमेटी, उन विचाराधीन कैदियों की समीक्षा के लिए बनी कमेटी जो जमानत मिलने के बाद भी हिरासत में हैं और जेल लीगल एड क्लीनिक को मजबूत बनाने वाले जेल विजिटर्स शामिल थे। प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक से बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं, खाद्य सामग्री और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेल मैनुअल के अनुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। संयुक्त टीम ने भोजनालय में बन रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की और हर बैरक तक जाकर कैदियों से सीधे उनकी समस्याओं को सुना। इसके अतिरिक्त, जेल की वर्तमान क्षमता और निर्माणाधीन भवनों का भी निरीक्षण किया गया। लोक निर्माण विभाग को अधूरे पड़े कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पायल टोपनो, अपर कलेक्टर एवं जिला जेल अधीक्षक अक्षय तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी राजीव वर्मा, थाना प्रभारी विमलेश तिवारी और अधिवक्ता मनोज सिंह उपस्थित रहे।



## सेवा पखवाड़ा में होने वाले विविध कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला भाजपा कार्यालय अटलकुंज मे भाजपा शहर मंडल का सेवा पखावाड़ा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, एक पेड़ माँ के नाम, प्रधानमंत्री की चयनित पुस्तकों का वितरण, स्वास्थ्य शिविर, खेलकूद एवं चित्रकला प्रतियोगिता, लोकल फार वोकल अभियान तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध मे कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व जिला महामंत्री राजेश महलवाला एवं सह वक्ता जिला मंत्री राजेश्वर तिवारी के आतिथ्य, जिला मिडिया प्रभारी मुकेश गर्ग, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष थलेश्वर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं सेवा पखवाड़ा के मंडल प्रभारी अजय अग्रवाल अज्जू की उपस्थिति तथा मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ भारतमाता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सेवा पखवाड़ा मे आयोजित कार्यक्रम सम्पन्न हो इसके लिए कार्यक्रम प्रभारी एवं सहप्रभारी की नियुक्ति किया गया। मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा द्वारा दिया गया। कार्यशाला मे मंच संचालन मंडल महामंत्री राजू देवांगन द्वारा तथा आभार प्रदर्शन प्रमोद तायल द्वारा किया गया। कार्यशाला में डॉ. एचएन चतुर्वेदी, राजेश साहू, प्रमोद तायल, असरफ इराकी, प्रदीप सोनी बल्लू, अधिवक्ता मुख़्तार तिवारी, सत्यनारायण जायसवाल, संदीप जायसवाल, शिवशंकर साहू, प्यारेलाल साहू, हिमांशु जैन, कौशिल्या सिंह, लक्षमन कसेरा, आशीष गुप्ता, अजय सिंह एवं अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## जैन मैत्री संघ के विक्रांत अध्यक्ष निर्वाचित



**अम्बिकापुर।** जैन मैत्री संघ श्री चंद्र प्रभु तेरापंथी दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट का प्रथम चुनाव निर्वाचन अधिकारी डॉ.एमके जैन एवं राजेश जैन के निर्देशन में रविवार को संपन्न कराया गया। न्यास के अशोक जैन ने सर्वप्रथम पूर्व कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा कर चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव एवं महामंत्री पद निर्विरोध चुनाव हुआ जबकि अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए मतदान कराया गया। मतदान में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार विक्रांत जैन किशोर जैन को पराजित कर विजयी हुए एवं कोषाध्यक्ष पद के निर्वाचन अधिकारी डा.एमके जैन ने अध्यक्ष विक्रांत जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश जैन, सचिव राहुल जैन, महामंत्री विकाश जैन एवं कोषाध्यक्ष अखिलेश दानखड़े को विजयी घोषित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर कालेज में चार दिवसीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर में चार दिवसीय छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 9 से 13 सितंबर तक चला, जिसमें भूतपूर्व छात्रों, वर्तमान विद्यार्थियों और अतिथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत 9 सितंबर को भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के मिलन सम्मेलन से हुई। सम्मेलन में पूर्व विद्यार्थियों ने अपने महत्वपूर्ण अनुभव साझा किए और महाविद्यालय को और बेहतर बनाने के लिए कई रचनात्मक सुझाव दिए। उन्होंने महाविद्यालय में भौतिक विज्ञान, संस्कृत और राजनीति विज्ञान जैसे नए विषयों को शुरू करने, परिसर को और अधिक सुंदर बनाने तथा स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन विकसित छत्तीसगढ़ विषयों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने निबंध, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर, रंगोली और सामूहिक परिचर्चा के माध्यम से विकसित छत्तीसगढ़ की अपनी रूपरेखा प्रस्तुत की जिसमें विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तीसरे दिन महिला सुरक्षा और करियर गाइडेंस पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रशिक्षु सब-इंस्पेक्टर शकुंतला पैकरा ने महिलाओं के प्रति बढ़ रहे अपराधों और उनके अधिकारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को मार्गदर्शन भी प्रदान किया। चार दिवसीय समारोह का समापन 13 सितंबर को एक संगोष्ठी के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार यादव,विशिष्ट अतिथि प्रदीप कुमार साहू तथा श्रीमती पूर्णा जायसवाल थे। महेंद्र कुमार यादव ने छत्तीसगढ़ की स्थापना और उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल राज्य होने के बावजूद, मध्य प्रदेश से अलग होने के बाद छत्तीसगढ़ ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रदीप कुमार साहू ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की, जबकि श्रीमती पूर्णा जायसवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि छत्तीसगढ़ का भविष्य विद्यार्थियों में छिपा है और उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए। इस दौरान हरिशंकर पैकरा, रेखा जायसवाल, रविशंकर उर्रे, डॉ. संजय कुमार वर्मा, डॉ. प्रियंका तिवारी, जयशंकर भूमिजन, मनबोध कुजूर, श्रीमती पुनीता राजवाड़े सहित अन्य कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### तालाब में स्नान करने गए वृद्ध की डूबने से मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम भकुरा निवासी केंदा राम आ. स्व. नान (65 वर्ष) रविवार की शाम गांव स्थित तालाब में स्नान करने गया था। इसी दौरान पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चला गया जिससे पानी में डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर परिजन वृद्ध के गांव में घूमने चले जाने की आशंका पर खोजबीन नहीं की। गांव के लोगों ने सुबह तालाब में वृद्ध का शव देखकर परिजन व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सपुर्द किया है।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्प्लेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




